न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारीः— लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 96/2022

श्री महेश कुमार दूत पुत्र रामेश्वर लाल, पी0टी0आई0 ग्रा0पो0 कोलसिया, तहसील नवलगढ, जिला झुंझुनूं, पिन कोड 333042, मो0न0 9694142646

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नवलगढ।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

आदेश

दिनांक 04.04.2022

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 08.03.2022 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 96/2022 पर दिनांक 09.03.2022 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नवलगढ के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नवलगढ को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नवलगढ से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/967—68 दिनांक 09.03.2022 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नवलगढ ने पत्रांक सू0अ0अ0/2022/670 दिनांक 30.03.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी द्वारा आटीआई पोर्टल से सूचना के अधिकार हेतु सूचना चाहने के लिए आवेदन किया। आवेदन संख्या 348222186645596 इस कार्यालय को दिनांक 25.12.2021 को प्राप्त हुआ। चाही गई सूचना कार्यालय तहसीलदार नवलगढ से संबंधित होने से इस आवेदन को दिनांक 06.01.2022 को हस्तान्तरित कर दिया गया। तहसीलदार नवलगढ के द्वारा आवेदनकर्ता को सूचना पंजीयन डाक से पत्रांक राजस्व/सू0अ0/2022/1168—1170 दिनांक 02.02.2022 को प्रेषित कर दी गई। आवेदनकर्ता से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ की सूचना आवेदनकर्ता को प्राप्त हो चुकी है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नवलगढ द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक सू0अ0अ0/2022//670 दिनांक 30.03.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी द्वारा आटीआई पोर्टल से सूचना के अधिकार हेतु सूचना चाहने के लिए आवेदन किया। आवेदन संख्या 348222186645596 उनके कार्यालय को दिनांक 25.12.2021 को प्राप्त हुआ। चाही गई सूचना कार्यालय तहसीलदार नवलगढ से संबंधित होने से उनके आवेदन को दिनांक 06.01.2022 को हस्तान्तरित कर दिया गया। तहसीलदार नवलगढ के द्वारा आवेदनकर्ता को सूचना पंजीयन डाक से पत्रांक राजस्व/सू0अ0/2022/1168—1170 दिनांक 02.02.2022 को प्रेषित कर दी गई। आवेदनकर्ता से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ की सूचना आवेदनकर्ता को प्राप्त हो चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 04.04.2022 को खुले [illegible] सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.04.08 14:33:42 IST
Reason: SelfAttested

([illegible]सि0 कुडी)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुंझुनूं